मानसी जोशी समेत 6 पैरा एथलीट टॉप्स कोर टीम लिस्ट में शामिल , और साथ में पैरा ओलम्पिक स्वसर्ण पदक विजेतादेवेंद्र झाझरिया का विदेश में प्रशिक्षण के प्रस्ता व को मिशन ओलम्पिक समितिने मंजुरी दी।

नई दिल्ली, 6 **मई:** मिशन ओलंपिक सेल ने अपनी नवीनतम बैठक में लक्ष्य ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) की कोर टीम सूची में चार पैरा-बैडमिंटन खिलाड़ियों सहित छह पैरा एथलीटों को शामिल किया और पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता देवेंद्र झाझरिया के कुओर्टेन ओलंपिक प्रशिक्षण केंद्र फिनलैंड में प्रशिक्षण के प्रस्तापव की मंजुरी दी।

टॉप्स की कोर लिस्ट में शामिल किए गए छह पैरा-एथलीट हैं-

1 धर्मबीर - मेन्स क्लब थ्रो - एफ51

2 सोमेश्वर राव - पुरुषों की लंबी कूद - टी64

3 मानसी जोशी - बैडमिंटन - एसएल3

4 नित्या सेरे - बैडमिंटन - एसएच6

5 मनदीप कौर - बैडमिंटन - एसएल3

6 मनीषा रामदास - बैडमिंटन - एसयू5

मिशनओलम्पिक सेल ने अपनी 74वीं बैठक के दौरान भारतीय भाला फेंकने वाले देवेंद्र झाझरिया और उनके स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग प्रशिक्षक श्री लक्ष्य बत्रा के लिए 38 दिनों के प्रशिक्षण शिविर को भी मंजूरी दी। देवेंद्र फिनलैंड के कुओर्टेन ओलंपिक प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण लेंगे , जोकिखासकर भाला फेंकने वालों के लिए,यूरोप में सबसे अच्छी प्रशिक्षण सुविधाओं में से एक है,।

अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर पर सरकार को लगभग रु . 11.5 लाख जिसमें उनकी यात्रा , वीजा, चिकित्सा बीमा, प्रशिक्षण सुविधाओं और आवास एवं खान-पान लागत के लिए धनराशि शामिल होंगी।

ईओएम